# शक्ति दिवस पर छात्राओं का हिमोग्लोबिन जांचा

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। शक्ति दिवस के अवसर पर मंगलवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जिले के चयनित 46 विद्यालयों में छात्राओं का हिमोग्लोबिन परीक्षण एनीमिया जांच शिविर एवं एनीमिया के बारे में जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविरों में बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर हीमोग्लोबिन की जांच कर दवा दी गयी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया जायेगा साथ ही भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्त्वावधान मे चयनित 46 स्कूलों मे बालिकाओं कि स्क्रीनिंग की गयी।

एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया गया। महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच कर आयरन की दवाएं दी गई।जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सत्रों का निरीक्षण किया, दवाओं की उपलब्धता की जांच, सभी आयुवर्गों की उपस्थिति की जांच की। चिकित्सा संस्थानों पर एएनएम द्वारा समस्त लक्षित लाभार्थियों की एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई, महिलाओं एवं बच्चों को थकान, भूख ना लगना, नाखूनों का सफेद होना, जीभ पर सफेद परत का होना जैसे कुछ सामान्य लक्षणों के आधार पर तथा एनीमिक पाए गए लोगों को दवा वितरित की गई। साथ ही एनीमिक पाई गई महिलाओं, बच्चों का उपचार कराने के लिए लगातार फॉलोअप किया जाएगा। साथ ही सभी को भोजन की अच्छी आदतों को अपनाने, पोषक तत्वों युक्त भोजन करने, हरी सब्जियों, फलों, आयरन युक्त खाघ पदार्थों का सेवन करने की संबंधी जानकारी दी गई।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर व विधायक को बांधा रक्षा सूत्र

**करौली**, (निसं)। आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिडला ऑडिटोरियम, जयपुर में मंगलवार को आंगनबाडी बहनों के संग रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया।

इस अवसर पर आँगनबाड़ी बहनों ने मुख्यमंत्री की कलाई पर रक्षासूत्र सुसज्जित किया और मुख्यमंत्री आंगनबाडी बहनों को कई उपहार भेंट किये। जिलास्तरीय सम्मान समारोह में वी.सी के माध्यम से राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सम्पूर्ण प्रदेश में 1 लाख 21 हजार आँगनबाड़ी बहनों को उनके मानदेय खातों में डीबीटी के माध्यम से 501 राशि उपहार स्वरूप हस्तान्तिरित की गई। जिले में 2317 आंगनबाडी बहनों को प्रति मानदेय खाता 501 राशि, इस प्रकार कुल राशि 1160817 हस्तान्तिरित की गई। जिलास्तरीय कार्यक्रम में आंगनबाडी बहनों ने करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल सहित समस्त अतिथियों को रक्षासूत्र बांधा और जिले की प्रगति एवं विकास की मंगलकामना की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा आंगनबाडी बहनों को राखी की मिठाई एवं छाता उपहार स्वरूप भेंट किया गया। जिलास्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि आंगनबाडी बहनें एवं महिला एवं बाल विकास के अधिकारी व कर्मचारी इस बात का विशेष ध्यान रखें की गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को शत-प्रतिशत पोषाहार मिले। उनके खानपान और पोषण का विशेष ध्यान रखा जाये। साथ ही घर पर महिलाओं को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श से समय समय पर अवगत कराते रहें और उसकी शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित करावें, जिससे महिलाऐं और बच्चे स्वस्थ्य जीवन व्यतीत कर सकें। करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर संबोधन में कहा कि आंगनबाडी केन्द्र संस्कार का केन्द्र बन रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश महिला सम्मान एवं सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रहा है। जिसके लिए सम्पूर्ण जिला उनका आभार प्रकट कर रहा है। इस अवसर पर आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को पोषाहार शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक प्रेमकिशन, महिला एवं बाल विकास के उपनिदेशक जगदीश प्रसाद मीणा, सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीणा,करौली के सीडीपीओ सत्यप्रकाश शुक्ला,नादौती के सीडीपीओ संजीव कुमार,मुख्य आयोजना अधिकारी अंकित कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता और सहायिकाऐं उपस्थित रही।

## केन्द्रीय विद्यालय प्रथम स्थान पर रहा

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। जयपुर संभाग के 78 केंद्रीय स्कूलों के बीच गंगापुर सिटी का पीएम श्री केंद्रीय स्कूल प्रथम स्थान पर रहा है। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए स्कूल को स्वर्ण ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

स्कूल के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि वर्ष 2024-25 में बोर्ड की दसवीं एवं बारहवीं कक्षाओं और स्कूल स्तर पर आयोजित अन्य कक्षाओं के 100 फीसदी परीक्षा परिणाम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। केंद्रीय स्कूल गंगापुर सिटी के प्रिंसिपल एसएन मीणा को एडिशनल कमिश्नर श्री दीपेश गहलोत और डेप्युटी कमिश्नर डॉ. अनुराग यादव ने स्वर्ण ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रिंसिपल मीणा ने इस उपलब्धि का श्रेय परिश्रमी शिक्षकों, मेहनती विद्यार्थियों और समर्पित अभिभावकों को दिया। प्रिंसिपल ने वर्तमान सत्र 2025-26 में भी सभी कक्षाओं में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम और गुणवत्तापूर्ण परीक्षा परिणाम प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान की मांग

**भरतपुर,** (निस)। जाटव समाज पर बढ रहे अत्याचारों पर जिला जाटव महासभा समिति के अध्यक्ष धर्मसिंह फौजी ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भरतपुर संभाग के थानों में जाटव समाज के अत्याचारों से पीडित शिकायतों के अम्बार पडे हुए हैं लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है, मुलजिमों की गिरफ्तारी में शिथिलता बरती जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद विश्नोई को एक प्रार्थना पत्र देते समय मांग की गई है कि भरतपुर संभाग में दलित अत्याचारियों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल अभियान चलाया जावे जिससे कि उनकी गिरफ्तारी शीघ्र हो सके व दलित समाज के पीडितों को सुरक्षा व सम्मान मिल सके। उन्होंने बताया कि गहनोली थाना के अंतर्गत लक्ष्मी जाटव के साथ मारपीट कर अभ्रदता कर इज्जत पर हमला करने वाले अत्याचारी व उसकी मदद करने वाले सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की।

## विहिप व बजरंग दल के जिला कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

**करौली**, (निसं)। विहिप के, प्रचार प्रसार प्रमुख नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि बैठक में विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष प्यारेलाल मीणा उनके साथ मंच पर प्रांतीय सह सत्संग प्रमुख अमृत बाबा, सवाई माधोपुर विभाग के संगठन मंत्री विष्णु तथा बजरंग दल के विभाग संयोजक नरेश के द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट पर माला एवं दीप प्रज्वलन कर पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बैठक में राष्ट्रधर्म के विविध पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख बिंदुओं में धर्म आधारित संस्कार एवं राष्ट्रप्रेम की भावना जगाने हेतु संस्कारशालाओं का संचालन,लव जिहाद, हिंदू धर्म के अनुसार विभिन्न त्यौहारों को मनाए जाने की योजना के साथ हिंदू समाज के विरुद्ध फैलाए जा रहे नकारात्मकता को रोके जाने की कार्य योजना,स्वजागरण, कर्तव्य निष्ठा,पर्यावरण संतुलन के लिए कार्य करना आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया।प्रांतीय अध्यक्ष मीणा ने कहा कि हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक रूप से जागरूक बनाना होगा। संस्कार शालाएं इस दिशा में एक सशक्त माध्यम बन सकती हैं।संगठन मंत्री विष्णु एवं बजरंग दल के विभाग प्रमुख नरेश ने कहा कि विघटनकारी ताकतें देश में जाति, धर्म,भाषा और क्षेत्रवाद के आधार पर फूट डालने का षड्यंत्र कर रही हैं। ऐसे समय में हिंदू समाज को संगठित करना समय की आवश्यकता है। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चौरजी सिंह ने बताया कि विहिप के द्वारा धर्म का प्रचार प्रसार करने वाले साधु संत एवं कथावाचकों को सम्मानित करने तथा समाज को संगठित किये जाने हेतु जिला,खंड, एवं प्रखंड स्तर पर सद्भावना एवं जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे है।इसके अतिरिक्त लव जिहाद जैसे गंभीर विषयों पर जन जागरण अभियान चलाने,विशेष कर युवतियो को सुरक्षित एवं जागरूक रखने हेतु विशेष रणनीति पर चर्चा हुई विहिप एवं बजरंग दल के प्रांत,जिला,खंड, प्रखंड एवं नगर की कार्यकारिणी के पदाधिकारी रमेश चंद्र बंसल, नरेंद्र सिंह झारीला,सत्तीराम मीणा,पप्पू वाल्मीकि, एडवोकेट हरकेश मीणा,प्रहलाद सिंह,गजानंद शर्मा, अतर सिंह, ओम प्रकाश गौतम, रामप्रसाद मीणा,राधा मोहन सिंह, कल्याण प्रसाद गौड, प्रदीप सिंह कोटा छाबर, आशीष, हार्दिक,अमर सिंह, अनिल,सीताराम एवं अन्य काफी तादात में कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

## बाबा श्याम के दर्शनों के लिए उमड़ा जनसैलाब

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। मंगलवार को पुत्रदा एकादशी पर शहर के मंदिरो में विराजित भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। इस दिन नहर रोड स्थित कुशालगढ के बाबा श्याम के मंदिर पर धार्मिक आयोजनों की धूम रही।

बाबा श्याम का आकर्षक और अलौकिक श्रृंगार कर मनमोहक झांकी सजाई गई। मंदिर में सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। दिनभर बाबा के दरबार में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड लगी रही। इसी प्रकार कल्याणजी मंदिर में भी एकादशी पर झांकी सजाई गई। बाबा श्याम और बाबा कल्याणधणी की झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं की श्रद्धा देखते ही बनती थी। पुत्रदा एकादशी के मौके पर सुबह सबसे पहले मंदिर की साफ-सफाई और धुलाई की गई। इसके बाद बाबा श्याम और कल्याणजी महाराज का फूलों से श्रृंगार किया गया। कलकत्ता से मंगवाए गए केवडा, चंपा, रजनीगंधा, मोगरा और विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूलों का उपयोग किया गया। बाबा श्याम को नई पोशाक पहनाई गई और विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई। सुबह 4 बजे से ही श्याम प्रेमियों का आगमन शुरू हो गया था।

## सफाई कर्मचारियों ने की नहर की सफाई

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। कुशाल लेक परियोजना के मेन गेट के पास नहर में जमा गंदगी की सफाई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद के सहयोग से शुरू कर दी है। चार घंटे की कडी मेहनत के बाद नहर से करीब 60 प्रतिशत कचरा निकाला जा चुका है। मानव सेवा संस्थान के संरक्षक विजय गोयल ने बताया कि नहर रोड के सामाजिक कार्यकर्ता अंकित गोयल और राकेश गुप्ता ने नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों के सहयोग से यह अभियान शुरू किया है। सफाई कार्य के लिए 20 फीट लंबी पंजी, फावडा और बांस जैसे आवश्यक उपकरण मानव सेवा संस्थान की मदद से खरीदे गए हैं। नहर में जमा कचरा कई महीनों से लेक की सुंदरता को बिगाड रहा था। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय लाइब्रेरी में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सफाई कर्मियों और संस्थान के सहयोग से गंदगी हटाई जाएगी।

## प्राध्यापक सुरेश चन्द योगी को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा

**सूरौठ**, (निसं)। करौली जिले के गाँव सुरौठ निवासी एवं राजकीय महात्मा गांधी स्कूल, हिंडौन सिटी में कार्यरत रसायन विज्ञान के प्राध्यापक श्री सुरेश चन्द योगी को शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के नवाचारपूर्ण उपयोग हेतु 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार यह सम्मान उन्हें जयपुर के ऐतिहासिक राजवाडा पैलेस में आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें देशभर से चयनित 51 वरिष्ठ शिक्षकों को उनके शिक्षण क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आमंत्रित किया गया था। यह आयोजन केवल सम्मान प्रदान करने तक सीमित नहीं था, बल्कि यह एक समठा प्रशिक्षण कार्यशाला भी थी जिसका उद्देश्य था शिक्षकों को 21वीं सदी की शिक्षा प्रणाली की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करना। कार्यक्रम में आधुनिक तकनीकी शिक्षण विधियों, डिजिटल उपकरणों, और प्रयोगात्मक शिक्षण पर आधारित सत्रों के माध्यम से प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

समारोह की गरिमा और महत्ता को बढ़ाने हेतु अनेक विशिष्टजन उपस्थित रहे। राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अरुण चतुर्वेदी, डॉ. अरविंद जे. गट्टी, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक कर्नाटक, कर्नल करण परमेश रॉयल महर्षि, एसएम फाउंडेशन के निदेशक डॉ. कमल शर्मा, और राजस्थान विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के डीन प्रोफेसर डॉ. यदु शर्मा की उपस्थिति ने इस समारोह को राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय बना दिया।इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में प्राध्यापक सुरेश चन्द योगी ने तकनीक आधारित शिक्षण पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार रसायन विज्ञान जैसे कठिन और पारंपरिक विषय को वर्चुअल लैब, डिजिटल प्रजेंटेशन, ऑगमेंटेड रिऐलिटी, लाइव क्विज़, और इंटरैक्टिव टूल्स की मदद से छात्रों के लिए सरल, रोचक और प्रभावशाली बनाया जा सकता है। उनका मानना है कि शिक्षण केवल विषय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे नवाचार, अनुभव और तकनीक से जोड़ना समय की मांग है।इस समारोह में उन्हें जो प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया उसमें उनके शिक्षण नवाचार, विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने वाले दृष्टिकोण, और समर्पित शिक्षण शैली की विशेष सराहना की गई। श्री योगी की यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत पहचान को गौरवान्वित करती है, बल्कि राजकीय महात्मा गांधी स्कूल, हिंडौन सिटी, करौली ज़िले और उनके गाँव सुरौठ के लिए भी गर्व का विषय है।

यह पुरस्कार शिक्षा जगत में परिवर्तन की उस लहर का प्रतीक है जिसे तकनीकी नवाचार, अध्यापन में संवेदनशीलता और सतत सुधार की भावना ने जन्म दिया है। श्री सुरेश चन्द योगी जैसे शिक्षक यह सिद्ध करते हैं कि जब एक शिक्षक नवाचार और समर्पण के साथ कार्य करता है, तो वह न केवल छात्रों का भविष्य संवारता है, बल्कि समूचे समाज की दिशा को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

## सार-समाचार

### कृष्ण लीलाओं का किया वर्णन

**करौली**, (निसं)। अंजनी माता मंदिर में जन सहयोग से चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिवस में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गिर्राज पूजन का वर्णन किया।कथा स्थल से विश्व हिंदू परिषद के प्रचार प्रसार प्रमुख नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि,करौली स्थित पावन अंजनी माता मंदिर प्रांगण में 1अगस्त 2025 से प्रारंभ हुई श्रीमद्भागवत कथा का आज पांचवां दिवस भक्तिभाव और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।आज की कथा में सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित मोनू शास्त्री पालनपुर वाले ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं, के साथ प्रकृति एवं पर्यावरण के महत्व को प्रदर्शित करते हुए इंद्र के द्वारा बर्षा करवाए जाने को,भ्रम बताते हुए वन, जंगल, पहाड,पर्यावरण,से ही वर्षा होना बताया,राज्य सरकार के द्वारा वृक्षारोपण के संदर्भ में चलाए जा रहे विशेष अभियान को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि,हम सभी को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अपने माता-पिता के नाम पीपल, बरगद,छायादार अथवा फलदार वृक्ष आवश्यक रूप से लगा कर संरक्षण करना चाहिए। हमारे धर्म ठांथो में बहुत सारे प्रसंग है जिसमें बताया गया है कि वृक्षारोपण से बडा दुनिया में कोई पुण्य नहीं है। यही मानव जीवन का प्रमुख आधार भी है। धर्म के साथ सामाजिक जीवन में समन्वय स्थापित करते हुए प्रेरणादायक कथा प्रसंगों से श्रोतागण भावविभोर होकर भक्ति रस में सराबोर हो गए। मंदिर प्रांगण में आध्यात्मिक के साथ अंजनी मैया,और बजरंगबली की जय, से वातावरण गुंजायमान के साथ संपूर्ण मंदिर प्रांगण धर्ममय हो गया। कथा के दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चौरजी सिंह,कोषाध्यक्ष रमेश बंसल, धर्म प्रसार प्रमुख महामंडलेश्वर पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा, प्रचार प्रमुख ओम प्रकाश सिंह, करौली प्रखंड अध्यक्ष राधा मोहन सिंह,हाकिम सिंह,प्रदीप सिंह कोटा छावर के अलावा अन्य कार्यकर्ताओं ने अंजनी माता मंदिर पहुंचकर कथावाचक का शॉल, माला एवं पटका पहना कर भव्य स्वागत किया।जिला अध्यक्ष चौरजी सिंह ने बताया कि विहिप समाज में धर्म, संस्कृति और अध्यात्म के प्रचार-प्रसार हेतु सतत् संकल्पित है।

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**करौली**, (निसं)। राजस्थान आदिवासी मीणा महासभा के जिलाध्यक्ष राम खिलाड़ी आगिरी के नेतृत्व में महासभा के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिलाध्यक्ष राम खिलाड़ी ने बताया कि समता आन्दोलन समिति जयपुर द्वारा अनुसूचित जन जाति के मीना समुदाय के अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध आधारहीन व झूठी शिकायत की गई है।समता आन्दोलन समिति के अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा ने सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में पदस्थापित मीना अधिकारी-कर्मचारियों को आतंकी व हरामखोर बताते हुए स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खीवसर को शिकायत की है। यह शिकायत पूर्णत: तथ्यहीन एवं निराधार है। समाज में वैमनश्य व अराजकता फैलाने का कुत्सित षडयंत्र है। मीना समाज के कर्मचारी पूर्णत: अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ एवं शांत स्वभाव के है। उन पर ऐसा आरोप लगाना मीना समाज को भडकाने वाली कार्यवाही है।पाराशर नारायण शर्मा जैसे व्यक्ति मनुवादी विचारधारा के पोषक है। ये समाज में अराजकता फैलाना चाहते है। ये देशद्रोही कृत्य है। इनका स्थान समाज में ना होकर सलाखों के पीछे होना चाहिए। पाराशर नारायण शर्मा के खिलाफ उचित कार्यवाही कर जेल भेजने तथा समता आन्दोलन समिति का रजिस्ट्रेशन रद्द कर मीना समुदाय को न्याय दिलाने की मांग की है। प्रदेश मुख्य महासचिव रघुनाथ लेदिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष डा.केएल मीना, प्रदेश सचिव चंद्रप्रकाश, ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम मीना, कुंजीलाल,सुआ लाल,नरसी मीना, द्वारिका आदि मौजूद थे।

### ऑयल मिल पर छापा

**भरतपुर,** (निसं)। वेर कस्बे की विचपुरी पट्टी में स्थित एक ऑयल मिल परिसर में घरेलू गैस सिलेंडरों से चौपहिया वाहनों में अवैध रिफिलिंग की खिलाफ प्रवर्तन अधिकारियों की टीम ने कारवाई की। प्रवर्तन कार्मिकों की टीम ने दिगम्बर धाकड़ ऑयल मिल पर आकस्मिक छापा मारा और भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित गैस सिलेंडर और रिफिलिंग के उपकरण जब्त किए। जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि उक्त ऑयल मिल परिसर में घरेलू उपयोग के एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक रूप से दुरुपयोग किया जा रहा है और उन्हें अवैध तरीके से वाहनों में भरा जा रहा है, जो कि अत्यंत खतरनाक है।उन्होंने बताया कि टीम ने मिल परिसर पर दबिश दी। जांच के दौरान परिसर में 37 घरेलू गैस सिलेंडर रखे हुए मिले। जब अधिकारियों ने इन सिलेंडरों के भंडारण से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे तो मौके पर मौजूद लोग कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। मौके पर निरीक्षण के दौरान टीम को गैस रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाली दो शक्तिशाली विद्युत मोटरें और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी मिला।प्रवर्तन दल ने मौके पर पाए गए सभी 37 घरेलू गैस सिलेंडर, दोनों विद्युत मोटरें और इलेक्ट्रॉनिक कांटे को जब्त कर लिया।

### प्रभुजीओं को कराया भोजन

**हिण्डौन।** बेटी का अपना घर आश्रम क्यारदाकला में प्रभुजीओं को भोजन करवा व पेड़ लगाकर मनाया 13वा जन्मदिन। जाट समाज चौरासी मीडिया प्रभारी व युवा जाट महासभा करौली जिलाध्यक्ष करतार सिंह चौधरी धंधावली ने अपनी बेटी कीर्ति सिंह का 13वा जन्मदिन हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभुजीओं को भोजन कराया और पौधारोपण किया गया। चौधरी ने बताया कि अपनी बेटी और बेटे का जन्मदिन जरूरतमंद को भोजन कराके व पेड़ लगाकर मनाया जाता है और संदेश देते हुए कहा कि सभी को अपने बच्चे का जन्मदिन जरूरतमंद को भोजन करकर और एक पेड़ जरूर लगाए। इस अवसर पर राजस्थान युवा जाट महासभा के प्रदेश महासचिव नरेश सोलंकी , ज़िला महासचिव राजेश सोलंकी , गौरव जाट, जितेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### सीआरपीएफ जवान का अंतिम सस्कार

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। ग्राम पंचायत बामन बडौदा के गांव धोधूपुरा निवासी सीआरपीएफ जवान नंदू सिंह राजपूत (35) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनकी पार्थिव देह गांव पहुंची तो शौक की लहर छा गई। वे सीआरपीएफ की सेकेंड बटालियन में ग्वालियर में तैनात थे। हाल ही में उनका तबादला छत्तीसगढ के सुकमा क्षेत्र में हुआ था। उन्हें 16 जुलाई को वहां ज्वाइन करना था। परिजनों के अनुसार अचानक तबीयत बिगडने पर उन्हें एसएमएस अस्पताल जयपुर ले जाया गया। इलाज के दौरान सोमवार देर रात उनका निधन हो गया। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे उनका शव गांव पहुंचा। सीआरपीएफ और सदर थाना गंगापुर सिटी के जवानों ने सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया। नंदू सिंह का विवाह 2013 में हुआ था। उनके दो छोटे बच्चे हैं। एक की उम्र 7 साल और दूसरे की 5 साल है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। पिता खेती करते हैं और छोटा भाई मजदूरी करता है। जवान का शव गांव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया।

## सार-समाचार

### एसीबीईओ का किया स्वागत

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। नवनियुक्त एसीबीईओ प्रथम का राज. शिक्षक संघ अंबेडकर की ब्लॉक हिण्डौन कार्यकारिणी ने स्वागत किया। ब्लॉक महामंत्री रामसिंह जाटव ने बताया कि नवनियुक्त एसीबीईओ प्रथम एवं कार्यवाहक सीबीईओ दयाल सिंह सोलंकी का शिक्षक संघ अंबेडकर की हिण्डौन की कार्यकारिणी ने माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर मनोज कुमार देवत ब्लॉक अध्यक्ष, कैलाश चंद पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, शिवनारायण आदि मौजूद रहे।

### जिला कलेक्टर ने किया पौधारोपण

**करौली,** (निसं)। हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत मंगलवार को श्रीमहावीरजी में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और आमजन से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण को केवल एक औपचारिकता के रूप में नहीं बल्कि हमारी जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। इस महाभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और समाज में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता फैलाना है। पेड़.पौधे हमें ऑक्सीजन,छाया और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और भावी पीढ़ियों के लिए एक हरा.भरा भविष्य सुनिश्चित करें। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे 'एक पेड मां के नाम' अवश्य लगायें और हो सके तो परिवार सहित ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर उनकी तीन से चार साल देखभाल भी करें। पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने कहा जैन धर्म ने अपने प्रादुर्भाव से ही प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया है। यह धर्म हमें अहिंसा और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता सिखाता है। वृक्षारोपण के माध्यम से हम न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र का भी निर्माण करते हैं। इस अवसर पर तहसीलदार हरसहाय मीना,विकास अधिकारी ज्ञान सिंह, सुभाष जैन,पीण्केण् जैन,प्रशासनिक समन्वयक भारतभूषण जैन, उपप्रधान प्रतिनिधि दर्शन सिंह, आराम सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय लोगों ने भी बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और पौधरोपण के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

### बाजार में सजी राखी की दुकान

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। रक्षाबंधन के पर्व के अवसर पर शहर में राखियो की दुकाने सज गई है। शनिवार को बहिने अपने अपने भाईयो की कलाईयो पर रक्षा के प्रतीक धागे को बांध कर दीर्घायु होने की कामना करेगी। गंगापुर सिटी में प्रसिद्ध खीरमोहन, घेवर और पतंग-मांझे के साथ राखियों की दुकानें सज गईं हैं। प्रदेश के कई जिलों में भाइयों की कलाई पर गंगापुर सिटी में तैयार कई डिजायनों की राखियां शोभा बढाती हैं। गंगापुर शहर सहित आसपास के क्षेत्र के काफी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग शहर में राखी के त्योहार को लेकर खरीदारी करते दिखाई दिए। गंगापुर शहर में इंद्रा बाजार के अलावा गंगापुर सिटी नादौती रोड पर उदेई मोड, सालोदा मोड, फव्वारा चौक, नया बाजार, खारी बाजार, नेहरू पार्क के सामने पर कई स्थायी और अस्थायी दुकानों पर आकर्षक डिजायनों की राखियां नजर आ रही है। आपको बता दें कि शनिवार को रक्षा बंधन का पर्व है। जिसे लेकर मिठाईयों की दुकानों पर घेवर तैयार हो रहे हैं। वहीं, राखियों की भी बिक्री शुरू हो गई। मुख्य बाजार में अधिकांश दुकानों पर बिक्री के लिए राखियां नजर आईं। इसी तरह ईदगाह, ट्रक यूनियन, मिर्जापुर रोड स्थित मार्केट में आकर्षक डिजायनों की राखियां सज रही है। गंगापुर मार्केट में कई थोक दुकानदार हैं। जहां से आसपास के बामनवास, वजीरपुर, सपोटरा, कुडगांव नादौती आदि जगहों पर दुकानदार राखी खरीद कर ले जाते हैं। राखी के विक्रेता संजय बताते है कि यहां की राखियां काफी मशहूर हैं। पूरे सीजन में सभी दुकानदारों द्वारा करीब 20 से 25 लाख का कारोबार अकेले राखियों का होता है। रक्षा बंधन पर घेवरों की भी मांग बढ गई है। मावा और कलाकंद के घेवर 300 से 400 रुपए किलो में बिक रहे है। वहीं, बरेली के मांझे- पोनी व अद्धी-मझोला पतंगों की डिमांड है।

### सेंवई, चावल व बूरा किट वितरित की

**भरतपुर,** (निस)। मित्र भारत समाज संस्थान भरतपुर का सेंवई, चावल, बूरा वितरण कार्यक्रम खंडेलवाल धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र शर्मा प्रदेश मंत्री कांठोस थे। अध्यक्षता सीताराम गुप्ता निदेशक समृद्ध भारत ने की, विशिष्ट अतिथि नीतू शर्मा परिवहन निरीक्षक, निहाल सिंह पूर्व प्रधान, ताराचंद शर्मा चिचाना थे। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष कुलदीप कटारा, संयोजक जगवीर सिंह ठेकेदार जघीना, दीवान सिंह शर्मा, चन्द्रभान माहौर ने किया। कवि श्याम सिंह जघीना ने संस्थापक भगवत कटारा के समाजसेवा कार्यों व उनके महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र शर्मा ने भगवत कटारा के पुराने संस्मरण याद करते हुए कहा कि भगवत कटारा हजारों परिवारों का त्यौहार मनवाकर त्यौहार मनाते थे। सीताराम गुप्ता ने स्व. भगवत कटारा के कार्यों को आगे बढाने का दायित्व कुलदीप कटारा को सौंपा और संस्था के कार्यों की भ